डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 16583 दिनांकः 07 जून, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु नामांकन के शेष बचे स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदनों की मूल प्रति से ऑनलाइन माध्यम से सत्यापन कराये जाने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 15628 दिनांक 17 जनवरी 2022, ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 15984 दिनांक 05 मार्च 2022, ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 16272, दिनांक 18 अप्रैल 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान में सत्र 2021–22 हेतु नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन आवेदन जो कि संस्थान की लॉग–इन के माध्यम से विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 पोर्टल पर प्रस्तुत किये गये थे, तद् नामांकन आवेदनों की हार्ड कापी (संलग्नकों सहित एवं संस्थान के निदेशक द्वारा सत्यापित) की मूल प्रति से सत्यापन कराया गया था, नामांकन सत्यापन की अंतिम तिथि के उपरान्त सत्यापन हेतु शेष बचे नामांकन आवेदनों के सत्यापन एवं एम0टेक0 / एम0फार्मा0 / एम0डेस0 / एम0यू0आर0पी0 अन्य के आनलाईन के माध्यम से सत्यापन कराया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

तालिका		
क्र0सं0	संस्था कोड	निर्धारित तिथि
1	संस्था कोड–001 से 150 तक	08.06.2022
2	संस्था कोड–151 से 301 तक	09.06.2022
3	संस्था कोड–302 से 452 तक	10.06.2022
4	संस्था कोड–453 से 603 तक	13.06.2022
5	संस्था कोड–604 से 754 तक	14.06.2022
6	संस्था कोड–755 से 905 तक	15.06.2022
7	संस्था कोड–906 से अन्त तक	16.06.2022

सत्यापन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सेन्टर, नोएडा परिसर (उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन,सेक्टर 62 नोएडा) में जनपद अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, हापुड़ मेरठ, मुजफ्फरनगर, गौतमबुद्ध नगर एवं आगरा तथा शेष समस्त जनपदों के सत्यापन हेतु ए0के0टी0यू0, लखनऊ में उपरोक्त तालिकानुसार किया जायेगा। उक्त तिथि के उपरान्त नामांकन सत्यापन हेतु शेष रह गये छात्र / छात्रों के सम्बन्ध में किसी भी स्थिति में आप द्वारा किये गये अनुरोध पर विचार किया जाना सम्भव न हो सकेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन फार्मो के जॉचोपरान्त या उसके पश्चात यदि किसी संस्था में किसी छात्र के नामांकन फार्म में किसी प्रकार का फर्जी प्रमाण पत्र व फर्जी विश्वविद्यालय/बोर्ड पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संस्थान के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने की भी बाध्यता होगी।

संस्थान के निदेशक/प्राचार्य से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित सेन्टर एवं तिथियों पर मय मूल प्रमाण पत्र–हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्तानक की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल प्रवजन (Migration/Transfer Certificate) प्रमाणपत्र इत्यादि के साथ मूल नामांकन फार्म तथा अंकतालिका/प्रमाणपत्रों की प्रमाणित छायाप्रति एवं उक्त आशय का शपथ पत्र कि संलग्न अंकतालिका/प्रमाणपत्र सही हैं, के साथ आनलाईन सत्यापन के पश्चात् नामांकन फार्म जमा कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. निदेशक, सेन्टर फार एडवांस स्टडीज़, ए0के0टी0यू0 लखनऊ।
4. निदेशक, यू0पी0आई0डी0, नोएडा।
5. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. उप कुलसचिव, यू0पी0आई0डी0, नोएडा।
7. समस्त डीन, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
8. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
9. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव